# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### बुधवार, दिनांक 28 फरवरी, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

[ दिनांक 21 फरवरी, 2007 की प्रश्नोत्तर सूची का स्थगित ता. प्र. सं. 3 (क्र.-31) ]

ए. सी. बी. एवं ई. ओ. डब्ल्यू. में दर्ज प्रकरणों से संबद्ध अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों से पृथक किये जाने हेतु जारी निर्देश

3. (*क्र. 31) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि विभाग को सामान्य प्रशासन विभाग से यह निर्देश जारी हुआ है, कि ए. सी. बी. अथवा ई. ओ. डब्ल्यू. में दर्ज प्रकरणों में संबद्ध अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों व स्थान से हटाकर अन्यत्र पदस्थ किये जाने के निर्देश है, यदि हां, तो इसके पालन 31 जनवरी 2007 तक किन-किन प्रकरणों पर विभाग ने कार्यवाही की है ? (ख) क्या सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने पत्र क्रमांक एफ-1/106/1-7, दिनांक 06 जनवरी, 2007 द्वारा पर्यावरण विभाग के उच्च पदस्थ अधिकारियों की पदस्थापना में परिवर्तन/हटाये जाने का निर्देश विशेष रूप से निर्देशित किया है ? (ग) प्रश्नांश "ख" के पत्र में उल्लेखित निर्देश का परिपालन कब किया गया है ? यदि नहीं, तो पालन ना करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं तो क्यों ? निर्देशों का पालन कब तक सुनिश्चित कराया जायेगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जी हां. श्री अनिल शर्मा, तत्कालीन सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के प्रकरण पर. (ख) जी हां. (ग) उल्लेखित निर्देश प्राप्त होने के पूर्व ही श्री शर्मा को सदस्य सचिव के पद से हटाया जा चुका था. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

बालको प्रबन्धन के विरुद्ध जमीन में बेजा कब्जा पर कार्यवाही

1. (*क्र. 402) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बालको प्रबन्धन द्वारा कितनी जमीन में अतिक्रमण किया गया है ? (ख) अतिक्रमण हटाने हेतु क्या कार्यवाही की गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) रकबा 1036.52 एकड़ पर अतिक्रमण किया गया है. (ख) अतिक्रमण हटाने हेतु तहसीलदार कोरबा के न्यायालय में छ. ग. भू-राजस्व संहिता की धारा-248 (1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही प्रारंभ की गई थी परन्तु बाल्को प्रबंधन के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में इस कार्यवाही के विरुद्ध पिटीशन क्रमांक 5328/96 आदेश दिनांक 06-07-2005 के अनुसार स्थगन आदेश प्राप्त होने के कारण कार्यवाही स्थगित है.

शासकीय घास भूमि के खसरा नम्बर में परिवर्तन पर कार्यवाही

2. (*क्र. 898) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजनांदगांव तहसील के पटवारी हल्का नंबर 28 में ग्राम टेडेसरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 1363/2 ख, रकबा 1.28 एकड़ भूमि, जिसमें खसरा नंबर 1363/1, रकबा 0.53 एकड़ शासकीय घास भूमि के रूप में दर्ज था, उसे निरस्त कर पूरी घास भूमि को 1363/2 ख के भूमिस्वामी के नाम से दर्ज कर दिया गया है ? (ख) यदि हां, तो शास. घास भूमि खसरा नंबर 1363/1 को खसरा नंबर 1363/2 ख के भू-स्वामी के नाम पर किस आधार पर, कब दर्ज किया गया एवं किस सक्षम अधिकारी द्वारा दर्ज किया गया ? जानकारी देवें ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जी हां. (ख) ग्राम टेडेसरा स्थित भूमि खसरा नंबर 1363/2 (ख) रकबा 1.28 एकड़ भूमि सुफल तेली के नाम पर दर्ज था, जिसमें से रकबा 1.20 एकड़ पुनाराम आ. झाडूराम वगैरह के पास विक्रय कर दी थी. पुनाराम ने दिनांक 9-7-1975 को उक्त भूमि द्वारकानाथ आत्मज शिवलाल के पास विक्रय किया. वर्ष 1977 एवं 1983-84 में उक्त भूमि खसरा नंबर 1363/2 (ख) रकबा 1.20 एकड़ द्वारका के नाम पर दर्ज थी. उनके मृत्यु पश्चात् उक्त भूमि उनके वारिसों के नाम पर दर्ज होना था. जिसमें से 0.53 एकड़ भूमि भूमि स्वामी के नाम पर दर्ज न कर घास भूमि मद में दर्ज कर दिया गया था. राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार द्वारा सम्पूर्ण भूमि की जांच के पश्चात् भूमि खसरा 1363/1 रकबा 0.53 एकड़ को लिपिकीय सुधार करने हेतु संहिता की धारा 113 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव को प्रकरण प्रस्तुत किया गया. जिसके अनुसार प्रकरण क्रमांक 01-अ/64/वर्ष 2004-05 में पारित आदेश दिनांक 2-9-05 के अनुसार खसरा नंबर 1363/1 रकबा 0.53 एकड़ को खसरा नंबर 1363/2 (ख) अन्तर्गत भूमिस्वामी के रूप में दर्ज कर स्व. द्वारका आ. शिवलाल के विधिक वारिसों के नाम अभिलेख दुरुस्त करने का आदेश दिया गया है.

नल जल योजना हेतु पात्र ग्रामों में योजना का क्रियान्वयन

3. (*क्र. 533) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड में कितने ग्राम 30-01-2007 की स्थिति में नल जल योजना के लिए पात्र हैं ? विकासखण्डवार ग्राम का नाम बतावें ? (ख) उक्त ग्रामों में नल जल योजना कब तक शुरू की जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | विकासखण्ड | नलजल प्रदाय योजना के लिए पात्र ग्रामों की संख्या | पूर्ण की गई नलजल प्रदाय योजना वाले ग्रामों की संख्या | प्रगतिरत नलजल प्रदाय योजना वाले ग्रामों की संख्या | ग्रामों की संख्या जहां नलजल प्रदाय योजना बनाई जाना शेष है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बसना | 03 | 02 | 01 | - |
| 2. | पिथौरा | 05 | 02 | 02 | 01 |
| | **योग** | **08** | **04** | **03** | **01** |

ग्रामवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है.

पलायनकर्ता मजदूरों को बंधक बनाये जाने की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

4. (*क्र. 687) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बिलासपुर, जिला कवर्धा, जिला दुर्ग एवं जिला राजनांदगांव में जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितने मानव दिवस के कार्य किस-किस विभाग द्वारा 1-1-06 से 1-1-07 तक की अवधि में उपलब्ध कराये गये हैं ? (ख) 1-1-06 से लेकर 1-1-07 तक की अवधि में प्रश्न "क" में पूछे गये जिलों में कितने मजदूरों ने प्रशासन की जानकारी में पलायन किया है, जिलेवार आंकड़े दें ? (ग) क्या 1-1-06 से 1-1-07 की अवधि में प्रश्न "क" में पूछे गये जिलों में जिला प्रशासन को प्रदेश के बाहर मजदूरों को बंधक बनाये जाने की शिकायतें मजदूरों या उनके परिजनों द्वारा प्राप्त हुई है यदि हां, तो जिलेवार आंकड़े देकर यह बतावें कि इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है ? (घ) 1-1-06 से 1-1-07 की अवधि के मध्य प्रश्न "क" में पूछे गये जिलों में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मजदूरों को अन्य प्रदेशों में ले जाने वाले एजेण्टों या बिचौलियों पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि हां, तो जिलेवार कार्यवाही के आंकड़े दें ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश के बाहर अधिक धन उपार्जन हेतु जिला कबीरधाम के 2964, बिलासपुर के 17796, दुर्ग के 11251 एवं राजनांदगांव के 5371 मजदूर गये हैं. (ग) जी हां. जिला बिलासपुर में 39, दुर्ग में 1, इस प्रकार कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई है. राजनांदगांव एवं कबीरधाम से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, जिनमें से 7 शिकायतों में 102 बंधक मजदूरों को मुक्त कराया जाकर अभिमुक्त प्रमाण-पत्र जारी किया गया. 1 शिकायत में कलेक्टर दुर्ग द्वारा अहमदाबाद (गुजरात) से संपर्क कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही जारी है . शेष 32 शिकायतें सही नहीं पाई गई. (घ) प्रश्नाधीन अवधि में अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के अन्तर्गत बिलासपुर जिले के श्रम निरीक्षकों द्वारा 52 निरीक्षण किये गये जिसमें से 22 ठेकेदारों द्वारा कानून का उल्लंघन करने के कारण उनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोजन प्रकरण दायर किया गया है. शेष तीनों जिलों की जानकारी निरंक है.

† परिशिष्ट "एक"

केन्द्रीय योजना "पुरा" का क्रियान्वयन

5. (*क्र. 907) **श्री भूपेश बघेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केन्द्रीय योजना "पुरा" (प्रोविजन ऑफ अर्बन एनिमिटिस इन रूरल एरियाँस) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में किस जिले का चयन किया गया है ? (ख) क्या "पुरा" योजना के अन्तर्गत बनाये गये नियमों का पालन छत्तीसगढ़ प्रदेश में किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) पुरा वर्तमान में केन्द्रीय योजना नहीं है. राज्य शासन द्वारा प्रदेश में पुरा योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है एवं प्रथम चरण में रायपुर जिले का चयन किया गया है. (ख) पुरा योजना के संबंध में कोई नियम नहीं बना हुआ है. राज्य शासन द्वारा चयनित पुरा क्षेत्रों के विकास हेतु "पुरा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण" का गठन किया गया है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत हैण्डपंपों का खनन

6. (*क्र. 1043) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितने हैण्डपंपों का खनन किया गया इनमें से कितने सफल एवं कितने असफल रहे ? विकासखण्डवार ग्राम के नाम सहित बतायें ? (ख) वित्तीय वर्ष 2006-07 में कितने हैण्डपंप खनन का लक्ष्य रखा गया है ? कितने खनन हो चुके हैं कितने शेष हैं विकासखण्डवार बतायें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2005-06 में 244 हैण्डपंपों (नलकूप) का खनन किया गया जिनमें से 202 नलकूप सफल एवं 42 नलकूप असफल रहे. वर्ष 2006-07 में 171 हैण्डपंपों (नलकूप) का खनन किया गया जिनमें से 149 नलकूप सफल एवं 22 नलकूप असफल रहे. विकासखण्डवार ग्रामवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) हैण्डपंप (नलकूप) खनन हेतु विकासखण्डवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है, जिलेवार किया जाता है.

फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर कार्यरत शासकीय सेवकों पर कार्यवाही

7. (*क्र. 922) **श्री संजय ढीढी :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर शासकीय नौकरी प्राप्त करने के कितने-कितने प्रकरण किस-किस विभाग को प्राप्त हुए हैं ? (ख) प्रश्नांक "क" में प्राप्त शिकायतों की जांच क्या उच्चस्तरीय छानबीन समिति से कराई गई है ? यदि हां, तो कितने और किन-किन के प्रकरणों पर शिकायत सही पायी गई ? (ग) दोषियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर शासकीय नौकरी प्राप्त शिकायतों की विभागवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में दर्शित है. (ख) जी हां. समिति द्वारा 67 प्रकरणों पर जांच पूर्ण कर आदेश पारित किये जा चुके हैं. इनमें से 34 पर शिकायत सही पायी गई है. प्रकरणवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में दर्शित है. (ग) माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देश के तहत फर्जी/गलत जाति प्रमाण-पत्र पाये गये 34 प्रकरणों में समिति द्वारा जाति प्रमाण-पत्र निरस्त किया गया तथा नियोक्ता को संबंधितों की नियुक्ति निरस्त करने की अनुशंसा की गई है. नियोक्ता विभागों द्वारा 15 प्रकरणों में नियुक्ति निरस्त कर दी गई है, 09 प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त है, 06 प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, तथा शेष 04 प्रकरणों के संबंध में नियोक्ता विभागों से जानकारी संकलित की जा रही है. विवरण पुस्तकालय मे रखे परिशिष्ट "स" में दर्शित है.

भोरमदेव अभ्यारण्य के लिए स्वीकृत राशि

8. (*क्र. 1004) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम जिला के अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण्य के लिए वर्ष 2006-07 में कितनी राशि स्वीकृत की गई ? स्वीकृत राशि में से कौन-कौन से कार्य किए गए हैं ? (ख) स्वीकृत राशि में से कितनी राशि खर्च की जा चुकी है एवं कितनी राशि शेष है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) वित्तीय वर्ष 2006-07 में कबीरधाम जिले के अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण्य के लिए रुपये 63.17 लाख की राशि स्वीकृत की गई है. स्वीकृत राशि से कराए जा रहे है कार्यों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दी गई है. (ख) स्वीकृत राशि में से जनवरी, 2007 तक रुपये 22.00 लाख व्यय किए जा चुके हैं. रुपये 41.17 लाख शेष हैं.

---

† परिशिष्ट "दो"

लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान

9. (*क्र. 1055) सुश्री कामदा जोल्हे : क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रांत के माध्यमिक/उ.मा./महाविद्यालयीन कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कितने विद्यार्थियों की वर्ष 2005-06 में राज्य छात्रवृत्ति मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित है ? (ख) प्रश्नांक (क) के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति लंबित होने के क्या कारण हैं ? इनका भुगतान कब तक सुनिश्चित कराया जावेगा ?

आदिमजाति विकास मंत्री (श्री गणेशराम भगत) : (क) वर्ष 2005-06 में प्रान्त के माध्यमिक/उ.मा./महाविद्यालयीन कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों में से अनुसूचित जाति के 659 तथा पिछड़ा वर्ग के 48316 विद्यार्थियों की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित है. (ख) आवंटन प्राप्ति में विलंब के कारण वितरण नहीं किया जा सका, इसी शिक्षण वर्ष में वितरण किया जावेगा.

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र स्थित पटवारी हल्का नंबरों की संख्या

10. (*क्र. 233) श्री चन्द्रभान बारमते : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्तमान में मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने पटवारी हल्का नंबर हैं ? उक्त विधान सभा क्षेत्र में हल्का नंबर में कौन-कौन से पटवारी कब-कब से पदस्थ हैं ? (ख) क्या पटवारी हल्का नंबर वार मुख्यालय की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो किस-किस हल्का नंबर का मुख्यालय कहां-कहां पर है ?

राजस्व मंत्री (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में कुल 31 पटवारी हल्का है. उक्त हल्कों में पदस्थ पटवारियों की जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ख) जी हां. पटवारी हल्का मुख्यालय की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

भूमिगत पानी की शुद्धता एवं जल परीक्षण

11. (*क्र. 07) श्री नंदकुमार पटेल : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में 27-01-07 तक रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में हैण्डपंपों के पानी की शुद्धता हेतु क्या शासन द्वारा जल परीक्षण कराया गया है ? यदि हां, तो रिपोर्ट क्या है ? (ख) प्रदूषित पाये गये हैण्डपंपों के जल उपयोगिता हेतु शासन द्वारा सुरक्षात्मक उपाय एवं जल संसाधन की क्या व्यवस्था की गई है ? (ग) क्या गुणवत्ता विहीन पानी के सेवन से रायगढ़ जिले में बीमारी की शिकायत मिली है ? यदि हां, तो कितनी और कहां-कहां एवं क्या कार्यवाही की गई है ?

राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां, प्रश्नाधीन अवधि में वर्ष 2005-06 में 601 हैण्डपंप एवं वर्ष 2006-07 में 27-01-2007 तक 513 हैण्डपंपों के पानी की शुद्धता का जल परीक्षण कराया गया है. रिपोर्ट निम्नानुसार है :-

| क्र. | अवधि | कुल हैण्डपंपों का परीक्षण | जल गुणवत्ता से प्रभावित/प्रदूषित | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | आयरन | फ्लोराइड | अन्य |
| 1. | 2005-06 | 601 | निरंक | 07 | निरंक |
| 2. | 2006-07 | 513 | 207 | निरंक | निरंक |

(ख) (i) 7 फ्लोराइड आधिक्य से प्रभावित हैण्डपंपों को बन्द कर नलजल योजना क्रियान्वित कर शुद्ध पेयजल व्यवस्था की गई है.

(ii) लौह तत्व से प्रभावित 207 हैण्डपंपों को केवल निस्तारी के उपयोग में लाये जाने की समझाइश दी गई है. इस प्रभावित क्षेत्र के लोग निकटम हैण्डपंप से शुद्ध पेयजल प्राप्त कर रहे हैं.

(ग) स्वास्थ्य विभाग से जानकारी प्राप्त की जा रही है.

† परिशिष्ट "तीन"

दीपका परियोजना से विस्थापित परिवारों की जानकारी

12. (*क्र. 864) **श्री बोधराम कंवर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में स्थित एस. ई. सी. एल. की दीपका परियोजना से कुल कितने ग्रामों के कितने परिवारों को विस्थापित किया गया है ? ग्रामवार विवरण दें ? (ख) कितने परिवारों के लिये पुनर्वास की व्यवस्था की गई है ? कितने परिवार किन-किन ग्रामों के, किन-किन पुनर्वास केन्द्रों में बसाए जा चुके हैं ? (ग) किन-किन ग्रामों के, कितने-कितने परिवारों के लिये पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई ? इन्हें कब तक पुनर्वास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) 6 (छ:) ग्रामों के कुल 1690 (सोलह सौ नब्बे) परिवारों को विस्थापित किया गया है.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सिरकी | 388 |
| 2. | चैनपुर | 385 |
| 3. | सुवाभौड़ी | 148 |
| 4. | मलगांव | 284 |
| 5. | झिंगटपुर | 134 |
| 6. | बेलटिकरी | 351 |
| | योग | 1690 |

(ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है. यथाशीघ्र.

अनुसूचित जाति, जनजाति के स्कूलों/छात्रावासों हेतु आवंटित बजट

13. (*क्र. 1062) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अनुसूचित जाति जनजाति और अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं हेतु प्रदेश में कितने पोस्ट मैट्रिक , मैट्रिक स्तर के स्कूल एवं आश्रम संचालित हैं ? (ख) कंडिका "क" के संस्थानों की सुविधाओं हेतु वित्त वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में कितना बजट आवंटित किया गया ? इसमें से कितना खर्च हुआ.

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) पोस्ट मैट्रिक एवं मैट्रिक स्तर के स्कूल एवं आश्रम की जानकारी निम्नानुसार है :-

पोस्ट मैट्रिक स्तर

| स्कूल | आश्रम |
|---|---|
| 422 | निरंक |

मैट्रिक स्तर

| स्कूल | आश्रम |
|---|---|
| 2365 | निरंक |

(ख) जानकारी निम्नानुसार है :-

| वर्ष | आवंटित बजट की राशि (लाखों में) | खर्च की गई राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 2005-06 | 10430.99 | 7634.98 |
| 2006-07 | 11308.37 | 7348.88 (माह दिसंबर 06 तक) |
| योग | 21739.36 | 14983.86 |

† परिशिष्ट "चार"

राजीव गांधी स्मृति वन से पुरखों की याद में लगे पौधों को हटाना

14. (*क्र. 994) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि जिला रायपुर के माना वी. आई. पी. रोड स्थित राजीव गांधी स्मृति वन से पुरखों की याद में लगे लगभग 385 पौधे उखाड़े गए हैं ? यदि हां, तो वह पौधे किनकी-किनकी याद में किनके-किनके द्वारा किस-किस वर्ष में लगाए गए थे ? कितनी-कितनी राशि जमा कराई गई थी ? (ख) उक्त पौधे क्यों एवं किसके आदेश से उखाड़े गए ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) यह सही है कि राजीव स्मृति वन में लगाए गए पौधों में से 382 पौधे क्रेडा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान के निर्माण/विकास की प्रक्रिया में क्षतिग्रस्त हुए. इन पौधों को लगाने वालों के नाम, रोपण वर्ष तथा जिनकी याद में यह पौधे लगाए गए थे, का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शाया गया है. प्रत्येक पौधे के लिए रुपये 251/- की राशि जमा कराई गई थी. (ख) उक्त पौधे क्रेडा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान के निर्माण/विकास की प्रक्रिया में क्षतिग्रस्त हुए.

कोटा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण

15. (*क्र. 978) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01-01-2005 से 31-12-2006 के मध्य अवैध कटाई के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? जिलेवार संख्या देवें ? (ख) कोटा विधान सभा क्षेत्र के बेलगहना रेंज में उपरोक्त अवधि में अवैध कटाई के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं तथा उसमें से कितने सागौन वृक्ष की अवैध कटाई के हैं ? (ग) बेलगहना रेंज में सागौन वृक्ष की अवैध कटाई के दर्ज प्रकरणों में क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी परिशिष्ट में † संलग्न है. (ख) जानकारी निम्नानुसार है :-

| | अवैध कटाई प्रकरण संख्या | सागौन वृक्ष अवैध कटाई प्रकरण संख्या |
|---|---|---|
| वन विकास निगम कोटा के अंतर्गत बेलगहना रेंज | 42 | - |
| बेलगहना रेंज (क्षेत्रीय) | 499 | 280 |
| **योग** | **541** | **280** |

(ग) बेलगहना रेंज में सागौन वृक्ष के अवैध कटाई के दर्ज प्रकरणों में निम्नानुसार कार्यवाही की गई.

(1) 06 पी. ओ. आर. प्रकरणों में 11 अपराधियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किये गये हैं. सागौन काष्ठ के परिवहन में लिप्त तीन वाहन राजसात किये गये हैं.

(2) 60 प्रकरणों में अपराधियों से रुपये 44,713/- (रुपये चवालीस हजार सात सौ तेरह मात्र) मावजा/महसूल वसूल किया गया है.

बस्तर जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से हुई फसल की क्षति

16. (*क्र. 331) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जुलाई-अगस्त 2006 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से बस्तर जिले में कितने ग्राम प्रभावित हुए थे ? ग्रामों के नाम बतावें ? (ख) क्या अतिवृष्टि एवं बाढ़ से किसानों की धान की फसल को नुकसान हुआ है ? (ग) विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के किन-किन ग्रामों में कितनी-कितनी हेक्टर जमीन की कौन-कौन सी फसल बाढ़ एवं अतिवृष्टि से पूर्ण एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है ? क्या किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया है ? यदि हां, तो किन-किन किसानों को कब-कब राशि दी गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) कुल 499 ग्राम प्रभावित हुए थे. ग्रामों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) जी हां. (ग) विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम बड़ाजी के 3.80 हेक्टर भूमि की भिण्डी, बरबटी फसल एवं ग्राम कुम्हली के 1.80 हेक्टर भूमि में मूंग फसल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुई है. आंशिक रूप से फसल क्षतिग्रस्त नहीं हुई है. जी हां. किसानों का नाम एवं वितरित राशि का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है.

† परिशिष्ट "पांच"

बस्तर जिले में नल जल योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य

17. (*क्र. 413) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बस्तर जिले में वित्तीय वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में नल जल योजना अंतर्गत कितने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई तथा किन-किन स्थानों में कार्य पूर्ण किया गया ? शेष निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किए जावेंगे ? विकासखण्ड एवं पंचायतवार बतावें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "क"-1 एवं "क"-2 अनुसार. निश्चित अवधि बताना संभव नहीं है.

अनुसूचित जाति प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य

18. (*क्र. 1081) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अनुसूचित जाति प्राधिकरण द्वारा गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र में कितने कार्य कब कब स्वीकृत हुए हैं ? कितने पूर्ण हुये हैं कितने अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण हो जावेंगे ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | स्वीकृत कार्यों की संख्या | कब-कब स्वीकृत | पूर्ण कार्य | अपूर्ण कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 36 | 2005-06 | 28 | 08 |
| 2. | 10 | 2006-07 | 02 | 08 |
| योग | 46 | - | 30 | 16 |

निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

राजनांदगांव में अटल आवास का निर्माण एवं आवंटन

19. (*क्र. 899) **श्री उदय मुदलियार :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव नगर निगम में किन-किन क्षेत्रों में 01 जनवरी, 2004 से 31 जनवरी, 2007 तक कितने अटल आवास का निर्माण कराया गया है ? (ख) कितने लोगों को 31 जनवरी, 2007 तक अटल आवास का आवंटन किया गया ? (ग) उक्त अटल आवास का निर्माण किस एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेश राम भगत) : (क) वार्ड क्रमांक-39 में 200 अटल आवास का निर्माण कराया गया है. (ख) 117 लोगों को. (ग) उक्त अटल आवास का निर्माण निम्नांकित एजेंसियों द्वारा कराया जा रहा है :-

(1) सर्वश्रेष्ठ समाज सेवा एवं जनकल्याण समिति, नेहरू नगर भिलाई.
(2) सर्वहारा अनुसूचित जाति जनजाति विकास समिति टी/141, अवंति बिहार कालोनी, तेलीबांधा, रायपुर
(3) जन संसाधन विकास कल्याण संगठन, 53 पुरूषोत्तम नगर, न्यू आदर्श नगर जोन क्रमांक -03 पोटिया रोड, दुर्ग.

अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मकान एवं फसल का मुआवजा

20. (*क्र. 534) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2006 में हुई अतिवृष्टि के कारण कितने मकान एवं फसल को कितना-कितना नुकसान हुआ ? (ख) क्षतिग्रस्त मकान एवं फसल नुकसान हेतु कितनी-कितनी मुआवजा राशि वितरित की गई ? (ग) मुआवजा देने का मापदण्ड किस आधार पर तय किया जाता है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) बिलाईगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2006 में हुई अतिवृष्टि में 2904 मकान आंशिक रूप से एवं 39 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए थे. फसल हानि नहीं हुई है. (ख) आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए रुपये 25,91,200/- तथा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिये रुपये 2,07,000/- इस प्रकार कुल रुपये 27,98,200/- का मुआवजा राशि वितरण किया गया है. (ग) राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 (संशोधित दिनांक 1-12-2004) के अनुसार मुआवजा राशि का निर्धारण किया गया है.

खनित नलकूप में हैण्डपंप की स्थापना

21 (*क्र. 1070) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 हेतु जिला-बिलासपुर, जिला-कवर्धा हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं इस लक्ष्य के विरुद्ध 05 फरवरी 2007 तक की स्थिति में कितने हैण्डपंपों का खनन हो चुका है, विकासखण्डवार, जिलेवार आंकड़े दें ? (ख) क्या प्रश्न "क" में पूछे गये जिलों में खोदे गये हैण्डपंपों में हैण्डपंप सेट लगा दिये गये हैं ? यदि नहीं, तो कितने हैंडपंपों में हैंडपंप नहीं लगाये गये हैं, विकासखण्डवार, जिलेवार आंकड़े दें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 हेतु जिला बिलासपुर में नलकूप खनन हेतु क्रमशः 1030 एवं 838 लक्ष्य निर्धारित है, एवं जिला कवर्धा में नलकूप खनन हेतु क्रमशः 750 एवं 669 लक्ष्य निर्धारित है. निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध खोदे गये नलकूप एवं स्थापित हैण्डपंपों का जिलेवार/विकासखण्डवार विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण

22. (*क्र. 8) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में 27-01-07 तक अजा, अजजा वर्ग के कितने परीक्षार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण किन-किन केन्द्रों में दिया गया ? केन्द्रवार जानकारी देवें ? (ख) प्रदेश में अजा, अजजा वर्ग के प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए कितने निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र किन-किन स्थानों में संचालित हैं ? इन केन्द्रों में अलग-अलग वर्ग के लिए कितनी-कितनी सीटें हैं ? (ग) नया राज्य बनने के बाद परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षित कितने प्रतियोगियों का विभिन्न पदों पर चयन हुआ है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | वर्ष | परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | वर्गवार प्रशिक्षार्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2005-06 | परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर | 24 | 30 | 54 |
| 2. | 2006-07 | 1. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर | 36 | 11 | 47 |
| | | 2. पीरक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर (युवा कैरियर निर्माण योजना के अन्तर्गत) | 31 | 34 | 65 |
| | | | 91 | 75 | 166 |

(ख) जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का नाम एवं स्थान | वर्गवार स्वीकृत सीट की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर | 36 | 39 |
| 2. | परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर (युवा कैरियर निर्माण योजना के अंतर्गत) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कुल 75 सीट स्वीकृत है. | |
| | | कुल 150 सीट | |

(ग) राज्य स्थापना के पश्चात् 05 प्रशिक्षणार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है.

† परिशिष्ट "छ:"

उन्मादी हाथियों से जन-धन की क्षति/मुआवजा

23. (*क्र. 1063) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में प्रदेश में किन-किन जिलों में उन्मादी हाथियों के कारण जन-धन की हानि हुई ? (ख) कितने लोगों की मृत्यु हुई और कितने मूल्य की फसल व अन्य सम्पत्तियों की क्षति हुई ? क्या इस हेतु मुआवजा दिया गया ? यदि हां, तो कितना-कितना ? (ग) उन्मादी हाथियों से निपटने के लिए किन-किन कार्यों को अंजाम दिया गया ? इस हेतु क्या कार्य योजना है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) प्रदेश में रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, कोरिया एवं जशपुर जिलों में उन्मादी हाथियों के कारण जन-धन की हानि हुई है. (ख) वर्ष 2006-07 में 18 लोगों की मृत्यु हुई. मृतकों के परिवारों को रुपये 15,20,000/- की सहायता दी गई. फसल एवं अन्य संपत्तियों की कुल रु. 94,89,233/- की नुकसानी हुई, जिसमें रु. 94,25,782/- का भुगतान किया जा चुका है. (ग) उन्मादी हाथियों से निपटने के लिए निम्न उपाय किए जा रहे हैं :-

1. वन विभाग द्वारा ग्राम वन समिति एवं वन सुरक्षा समितियों के सदस्यों के बचाव दल गठित किये गये हैं, जिनके द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जाती है.

2. जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को उन्मादी हाथियों से सुरक्षा बाबत् सघन प्रचार-प्रसार किया जाता है एवं पम्पलेट पोस्टर छपवाकर वितरित किए जाते हैं.

3. पश्चिम बंगाल से प्रशिक्षित हुल्ला पार्टी के सदस्यों को बुलाया गया है जिनके द्वारा हाथियों को गांव से दूर भगाने का प्रशिक्षण ग्रामीणों को दिया गया है. हुल्ला पार्टी के सदस्यों की नियमित सेवायें ली जा रही हैं.

4. जहां हाथी पहुंचते हैं वहां के ग्रामीणों को हाथियों को ग्रामों से दूर रखने के लिए मशाल, पटाखा, सर्चलाइट आदि प्रदाय की जाती है.

5. बादलखोल अभ्यारण्य की 81 किलोमीटर की आंशिक परिधि में सोलर पावर फेंसिंग की गई है.

6. छत्तीसगढ़ राज्य को हाथी परियोजना में शामिल करने की रुपये 43.02 करोड़ की एक परियोजना भारत सरकार को प्रेषित की गई है. भारत सरकार द्वारा जन-धन हानि को रोकने के उपायों के लिए वित्तीय वर्ष 2006-07 में हाथी परियोजना से रुपये 64.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है. इस राशि से जंगली हाथियों से जन-धन की सुरक्षा के कार्य किए जा रहे हैं. बादलखोल अभ्यारण्य, तमोर पिंगला एवं लेमरू क्षेत्र को हाथी रिजर्व बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं. हाथी रिजर्व बनने के पश्चात् भारत सरकार से हाथियों के रहवास क्षेत्रों के विकास, पानी की उपलब्धता बढ़ाने के कार्य, सोलर पावर फेंसिंग लगाने के कार्य, हाथी अवरोधक खाई निर्माण तथा जनधन हानि रोकने के उपायों से संबंधित कार्य हेतु धनराशि प्राप्त होगी, जिनसे हाथियों से होने वाली क्षति कम की जा सकेगी.

-----

# तारांकित प्रश्नोंत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 533) के भाग (क) की जानकारी ]

**विकासखण्ड बसना एवं पिथौरा में नलजल योजना के पात्र ग्रामों की स्थिति 30-01-2007**

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | ग्राम का नाम | जनसंख्या 2001 | स्वीकृत योजना की लागत (रु. लाखों में) | योजना की स्थिति पूर्ण | आंशिक पूर्ण | प्रगतिरत | चालू/बंद | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | बसना | भंवरपुर | 3291 | 19.91 | पूर्ण | - | - | चालू | |
| 2. | --,,-- | अरेकेल | 2250 | 7.45 | पूर्ण | - | - | चालू | |
| 3. | --,,-- | बंसुला | 2125 | 18.30 | - | - | प्रगतिरत | - | राइजिंग मेन,पम्प हाउस का कार्य पूर्ण, जल वितरण पाईप लाईन एवं उच्चस्तरीय टंकी का कार्य प्रगति पर है. योजना पूर्ण करने की निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है. |
| 4. | पिथौरा | बुंदेली | 3022 | 12.98 | पूर्ण | - | - | चालू | |
| 5. | --,,-- | बिरदा | 3009 | 14.20 | पूर्ण | - | - | चालू | |
| 6. | --,,-- | लाखागढ़ | 2357 | 24.04 | - | - | प्रगतिरत | - | राइजिंग मेन एवं नल जल वितरण पाईप लाईन का कार्य पूर्ण. उच्चस्तरीय टंकी की निविदा आमंत्रित की गई है. योजना पूर्ण करने की निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है. |
| 7. | --,,-- | गोपालपुर | 2192 | 24.96 | - | - | प्रगतिरत | - | राइजिंग मेन, एवं नल जल वितरण एवं उच्चस्तरीय टंकी का कार्य प्रगति पर है. योजना पूर्ण करने की निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है. |

पाईप लाईन का कार्य पूर्ण

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | पिथौरा | सांकरा | 2336 | - | - | - | - | 5 | वर्तमान में स्पॉट सोर्स योजना कार्यरत है. उच्चस्तरीय टंकी सहित नलजल योजना बनाई जा रही है. योजना पूर्ण करने की निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है. |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 1004) के भाग (क) की जानकारी ]

. वित्तीय वर्ष 2006-07 में भोरमदेव अभ्यारण्य में स्वीकृत कार्यों की जानकारी

| क्र. | मद का नाम | स्वीकृत कार्य का नाम | वर्ष 2006-07 में स्वीकृत राशि (रुपये में) | वर्ष 2006-07 में व्यय राशि (31-01-07 तक व्यय रुपये में ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| | | **10-2406-वानिकी और वन्य जीवन आयोजनेत्तर** | | |
| 1. | (4342) सड़कों का निर्माण तथा सड़क व पुलों की दुरुस्ती. | वनमार्ग मरम्मत | 10,000 | 10,000 |
| 2. | (6218) भवनों की मरम्मत | भवन मरम्मत | 17,000 | 15,000 |
| 3. | (3877) क्षेत्रीय वनमंडल-02 मजदूरी-001डिमारकेशन | पांच वर्षीय सीमा रेखा कटाई सफाई मुनारा मरम्मत एवं निर्माण. | 65,000 | 60,000 |
| 4. | (003) अग्नि बचाव | अग्नि सुरक्षा कार्य | 1,50,000 | 1,13,000 |
| | | **(6539) राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्य का विकास** | | |
| 5. | | बांधा से बकोदा 07 किमी. | 1,75,000 | 1,75,000 |
| 6. | | भोरमदेव से करियाआमा 03 किमी. | 75,000 | 75,000 |
| 7. | | करियाआम से थवंरझोल 01 किमी. | 25,000 | 25,000 |
| 8. | | रपटा निर्माण | 3,00,000 | 2,80,000 |
| 9. | | चारागाह विकास हेतु लेंटाना एवं अन्य खरपतवार उन्मूलन 50 हे. | 1,50,000 | 24,000 |
| 10. | | तालाब निर्माण-01 नग | 3,00,000 | - |
| 11. | | स्टॉपडेम निर्माण-01 | 3,00,000 | 2,13,000 |
| 12. | | अधीक्षक भवन निर्माण-01 | 3,00,000 | 1,12,000 |
| 13. | | परिक्षेत्राधिकारी भवन निर्माण-01 | 4,50,000 | 3,48,000 |
| 14. | | गेमगार्ड भवन निर्माण-01 | 2,50,000 | 1,63,000 |
| 15. | | वन्यप्राणी के लिए चराई योग्य घांस का विकास-50 हे. | 2,50,000 | 1,44,000 |
| 16. | | अग्नि सुरक्षा लाईन कटाई जलाई | 1,00,000 | 14,000 |
| 17. | | अग्नि प्रहरी से अग्नि सुरक्षा कार्य | 3,00,000 | - |
| 18. | | परिक्षेत्र कार्यालय के उपयोग हेतु सामग्री सहित कम्प्यूटर एवं फर्नीचर क्रय. | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | | **मांग संख्या 38-2406 वानिकी एवं वन्य जीवन, (5723) 12 में वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त सहायता अनुदान के अंतर्गत लघु निर्माण कार्य** | | |
| 19. | | स्टॉपडेम निर्माण-02 | 6,00,000 | 1,65,000 |
| 20. | | तालाब निर्माण-01 | 3,00,000 | - |
| 21. | | रपटा निर्माण-02 | 6,00,000 | 1,64,000 |
| 22. | | गश्ती/पर्यटक मार्ग निर्माण-प्रभुझोला से प्रतापगढ़-12 किमी. | 6,00,000 | - |
| 23. | | वाटर टैंक निर्माण कार्य-01 | 4,00,000 | - |
| 24. | | गश्ती/पर्यटक मार्ग निर्माण-जामुनपानी से जोगनी-10 किमी. | 5,00,000 | - |
| | | **योग** | **63,17,000** | **22,00,000** |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 233) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्र. | तहसील | प. ह. नं. | पदस्थ पटवारी का नाम | पटवारी मुख्यालय का नाम | पदस्थापना दिनांक | अतिरिक्त प्रभार दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | मुंगेली | 1 | श्री सूरजलाल रात्रे | खैरा-सेतगंगा | - | 24-04-2006 |
| 2. | --,,-- | 2 | श्री सूरजलाल रात्रे | छटन | 16-08-1997 | - |
| 3. | --,,-- | 3 | श्री जीत कुमार पटेल | फन्दवानी | 14-08-2003 | - |
| 4. | --,,-- | 4 | श्री कौशलेष कुमार कुलमित्र | कंतेली | 17-07-2003 | - |
| 5. | --,,-- | 5 | श्री प्रकाश कुमार यादव | सुरीघाट | 01-08-2000 | - |
| 6. | --,,-- | 6 | श्री वेदकुमार सोनकर | मुंगेली | 14-09-2000 | - |
| 7. | --,,-- | 7 | श्री सुरेश कुमार ठाकुर | रामगढ़ | 05-01-1998 | - |
| 8. | --,,-- | 8 | श्री अर्जुन साहू | कार्या. पटवारी मुंगेली | - | 27-10-2005 |
| 9. | --,,-- | 9 | श्री अमरनाथ जांगड़े | चातरखार | 20-05-2005 | - |
| 10. | --,,-- | 10 | श्री शुद्धूराम कौल | बांकी | 16-12-1997 | - |
| 11. | --,,-- | 11 | श्री व्यास नारायण सिंह | सिल्ली- | 17-7-1995 | |
| 12. | --,,-- | 12 | श्री व्यास नारायण सिंह | राजपुर | - | 31-10-2006 |
| 13. | --,,-- | 13 | श्री किसन लाल धीवर | चौनी | 20-11-1997 | - |
| 14. | --,,-- | 14 | श्री प्रकाश कुमार यादव | टेढ़ाधौरा | - | 30-11-2003 |
| 15. | --,,-- | 15 | श्री अमरनाथ जांगड़े | टेमरी | - | 3-10-2005 |
| 16. | --,,-- | 16 | श्री अनिल कुमार राज | पुरान | 19-12-2006 | - |
| 17. | --,,-- | 17 | श्री वेद कुमार सोनकर | पंडरभट्ठा | - | 13-08-2006 |
| 18. | --,,-- | 18 | श्री अर्जुन साहू | जमहा | 21-10-2005 | - |
| 19. | लोरमी | 11 | श्री पुहुपराम कश्यप | लगरा | 10-08-1996 | - |
| 20. | --,,-- | 12 | श्री रामफुल कोरी | कोपलारी | 01-01-2003 | - |
| 21. | --,,-- | 13 | श्री चदराम बंजारे | मनोहरपुर | 15-11-2005 | - |
| 22. | पण्डरिया | 16 | श्री ननकूराम मरावी | बघर्रा | 28-12-2006 | - |
| 23. | --,,-- | 17 | श्री रामनारायण दुबे | महली | - | 28-12-2006 |
| 24. | --,,-- | 18 | श्री तिलकचंद कोसले | कुण्डा | - | 28-12-2006 |
| 25. | --,,-- | 19 | श्री रामनारायण दुबे | रांपा | 28-12-2006 | - |
| 26. | --,,-- | 20 | श्री प्रमोद सिंह ठाकुर | रैतापारा | 28-12-2006 | - |
| 27. | --,,-- | 21 | श्री भागबली धृतलहरे | मोहगांव | 28-12-2006 | - |
| 28. | --,,-- | 22 | श्री तिलकचंद कोसले | बसनी | 28-12-2006 | - |
| 29. | --,,-- | 23 | श्री भागबली धृतलहरे | मोहामड़वा | - | 28-12-2006 |
| 30. | --,,-- | 24 | श्री हलधर सिंह ठाकुर | दामापुर | 28-12-2006 | - |
| 31. | --,,-- | 25 | श्री हलधर सिंह ठाकुर | प्राणखैरा | - | 28-12-2006 |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 864) के भाग (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| क्र. | ग्राम का नाम | पुनर्वास केन्द्रों का नाम | प्लाट लेने वाले परिवारों की संख्या | प्लाट के एवज में 50,000 रुपये (पचास हजार रुपये) लेकर पुनर्वास किये गये परिवारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | सिरकी | गांधीनगर | 136 | 230 |
| 2. | चैनपुर | चैनपुर नगर एवं चैनपुर नगर (बतारी) | 53<br>39 | 288 |
| 3. | सुखाभौड़ी | नेहरूनगर | - | 135 |
| 4. | मलगांव | नेहरूनगर | 8 | 161 |
| 5. | झिंगटपुर | नेहरूनगर | 7 | 57 |
| 6. | वेलटिकरी | विवेकानंद नगर | 79 | 209 |
| | | चैनपुर नगर (बतारी) | 36 | - |
| | | नेहरू नगर | 3 | - |
| | | **योग** | **361** | **1080** |

प्रपत्र "ब"

| क्र. | ग्राम का नाम | बसाहट ग्राम का नाम | पुनर्वास से शेष रहे परिवारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | सिरकी | गांधीनगर | 22 |
| 2. | चैनपुर | चैनपुर नगर एवं चैनपुर नगर (बतारी) | 05 |
| 3. | सुखाभोंड़ी | नेहरूनगर | 13 |
| 4. | झिंगटपुर | नेहरूनगर | 70 |
| 5. | मलगांव | नेहरूनगर | 115 |
| 6. | बेलटिकरी | विवेकानंद नगर, चैनपुर नगर (बतारी) नेहरूनगर. | 24 |
| | | योग | 249 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 978) के भाग (क) की जानकारी ]

**01-01-2005 से 31-12-2006 तक अवैध कटाई के दर्ज प्रकरणों की संख्या**

| अ. क्र. (1) | जिले का नाम (2) | अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण (3) |
|---|---|---|
| 1. | बिलासपुर | 3,811 |
| 2. | कोरबा | 1,271 |
| 3. | जांजगीर-चांपा | 141 |
| 4. | रायगढ़ | 3,437 |
| 5. | राजनांदगांव | 2,399 |
| 6. | दुर्ग | 1,718 |
| 7. | कबीरधाम | 2,304 |
| 8. | महासमुंद | 1,911 |
| 9. | रायपुर | 3,467 |
| 10. | धमतरी | 985 |
| 11. | जशपुर | 2,004 |
| 12. | कोरिया | 1,204 |
| 13. | सरगुजा | 5,819 |
| 14. | कांकेर | 955 |
| 15. | बस्तर | 2943 |
| 16. | दंतेवाड़ा | 621 |
| | योग | **34,990** |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 1070) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 (05 फरवरी 2007 तक) जिला बिलासपुर एवं जिला कवर्धा हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध खोदे गये नलकूप एवं स्थापित हैण्डपंपों का जिलेवार/विकासखण्डवार विवरण निम्नानुसार है :-**

| जिला | वर्ष | नलकूप खनन हेतु जिलेवार निर्धारित लक्ष्य (बसाहटों/शालाओं में) | क्र. | विकासखण्ड | खनित नलकूप | | | स्थापित हैण्डपंप | हैण्डपंप स्थापना शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कुल | सफल | असफल | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| बिलासपुर | 2005-06 | 1030 | 1. | बिल्हा | 95 | 94 | 01 | 94 | - |
| | | | 2. | मस्तुरी | 165 | 150 | 15 | 150 | - |
| | | | 3. | तखतपुर | 168 | 168 | 0 | 168 | - |
| | | | 4. | कोटा | 60 | 60 | 0 | 60 | - |
| | | | 5. | मुंगेली | 228 | 225 | 03 | 210 | 15 |
| | | | 6. | लोरमी | 78 | 78 | 0 | 78 | - |
| | | | 7. | पथरिया | 108 | 105 | 03 | 102 | 03 |
| | | | 8. | गौरेला | 68 | 60 | 08 | 60 | - |
| | | | 9. | पेन्ड्रा | 42 | 35 | 07 | 35 | - |
| | | | 10. | मरवाही | 127 | 121 | 06 | 100 | 21 |
| | | | | **योग** | **1139** | **1096** | **43** | **1057** | **39** |
| कवर्धा | 2005-06 | 750 | 1. | कवर्धा | 222 | 221 | 1 | 221 | - |
| | | | 2. | स. लोहारा | 177 | 175 | 2 | 175 | - |
| | | | 3. | पंडरिया | 222 | 215 | 7 | 215 | - |
| | | | 4. | बोडला | 132 | 121 | 11 | 121 | - |
| | | | | **योग** | **753** | **732** | **21** | **732** | **-** |
| | | | | **महायोग** | **1892** | **1828** | **64** | **1789** | **39** |

**टीप:-** नलकूप खनन हेतु जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किये जाते है.

प्रपत्र "ब"

वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 (05 फरवरी 2007 तक) जिला बिलासपुर एवं जिला कवर्धा हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध खोदे गये नलकूप एवं स्थापित हैण्डपंपों का जिलेवार/विकासखण्डवार विवरण निम्नानुसार है :-

| जिला | वर्ष | नलकूप खनन हेतु जिलेवार निर्धारित लक्ष्य (बसाहटों/शालाओं में) | क्र. | विकासखण्ड | खनित नलकूप कुल | खनित नलकूप सफल | खनित नलकूप असफल | स्थापित हैण्डपंप | हैण्डपंप स्थापना शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| बिलासपुर | 2006-07 (5 फरवरी 07 तक) | 838 | 1. | बिल्हा | 192 | 186 | 06 | 186 | 0 |
| | | | 2. | मस्तुरी | 88 | 83 | 05 | 83 | 0 |
| | | | 3. | तखतपुर | 91 | 87 | 04 | 81 | 06 |
| | | | 4. | कोटा | 44 | 44 | 0 | 36 | 08 |
| | | | 5. | मुंगेली | 157 | 155 | 02 | 102 | 53 |
| | | | 6. | लोरमी | 184 | 184 | 0 | 137 | 47 |
| | | | 7. | पथरिया | 88 | 88 | 0 | 88 | 0 |
| | | | 8. | गौरेला | 36 | 36 | 0 | 0 | 36 |
| | | | 9. | पेन्ड्रा | 12 | 12 | 0 | 12 | 0 |
| | | | 10. | मरवाही | 27 | 27 | 0 | 0 | 27 |
| | | | | योग | 919 | 902 | 17 | 725 | 177 |
| कवर्धा | 2006-07 (05 फरवरी 07 तक) | 669 | 1. | कवर्धा | 101 | 100 | 1 | 58 | 42 |
| | | | 2. | स. लोहारा | 46 | 43 | 3 | 37 | 6 |
| | | | 3. | पंडरिया | 163 | 155 | 8 | 90 | 65 |
| | | | 4. | बोडला | 172 | 160 | 12 | 120 | 40 |
| | | | | योग | 482 | 458 | 24 | 305 | 153 |
| | | | | महायोग | 1401 | 1360 | 41 | 1030 | 330 |

टीप:- नलकूप खनन हेतु जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किये जाते है.